महत्वपूर्ण एवं खास

छत्तीसगढ़ में अब तक 363.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 363.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 14 जुलाई तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 933.2 मिमी और बलरामपुर जिले में सबसे कम 120.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। प्रदेश में पिछले दस वर्षों के आधार पर अब तक वर्षा का औसत 335.7 मि.मी. है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 144.2 मिमी, सूरजपुर में 195.5 मिमी, जशपुर में 142.7 मिमी, कोरिया में 214.6 मिमी, रायपुर में 247.9 मिमी, बलौदाबाजार में 375.4 मिमी, गरियाबंद में 426.5 मिमी, महासमुंद में 336.5 मिमी, धमतरी में 431.4 मिमी, बिलासपुर में 372.3 मिमी, मुंगेली में 431.8 मिमी, रायगढ़ में 291.9 मिमी, जांजगीर-चांपा में 439.2 मिमी, कोरबा में 243.2 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 384.0 मिमी, दुर्ग में 370.1 मिमी, कबीरधाम में 311.0 मिमी, राजनांदगांव में 407.7 मिमी, बालोद में 495.1 मिमी, बेमेतरा में 277.7 मिमी, बस्तर में 474.1 मिमी, कोण्डागांव में 449.3 मिमी, कांकेर में 512.0 मिमी, नारायणपुर में 386.6 मिमी, दंतेवाड़ा में 395.6 मिमी और सुकमा में 364.6 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

असिस्टेंट जेलर के निवास में अज्ञात बदमाशों ने की तोडफ़ोड़, मचाया उत्पाद

दुर्ग (आरएनएस)। गुरुवार तडक़े दुर्ग केन्द्रीय जेल के असिस्टेंट जेलर अशोक साव के सरकारी आवास मे हमला हुआ। यहां पर अज्ञात हमलावरों ने जमकर उत्पात मचाया। इस मामले में असिस्टेंट जेलर अशोक साव द्वारा पद्मनाभपुर चौकी में शिकायत दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार तडक़े 3 से 4 बजे के बीच जेल परिसर स्थित असिस्टेंट जेलर अशोक साव के आवास के बाद बदमाश पहुंचे और जोर जोर से चिल्लाते हुए धमकी दे रहे थे। इस दौरान बदमाश बाहर निकल देख लेंगे, जिसको बुलाना है बुला लो जैसी बाते कह रहे थे। यहीं नहीं बदमाशों ने मकान के बाहरी हिस्से में तोडफ़ोड़ भी की। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है।

ट्रक के साथ खाद्यान्न नाले में बहने के मामले में जारी किया गया नोटिस

बीजापुर (आरएनएस)। जिले के उचित मूल्य की दुकान संकनपल्ली एवं पुसगुड़ी का माह जुलाई का आबंटित खाद्यान्न चांवल 217.02 क्विंटल, चना 8.84 चंट्रिल तथा गुड़ 8.84 चंट्रिल प्रदाय केन्द्र बीजापुर से परिवहनकर्ता मनीष सिंह के ट्रक क्रमांक सीजी 17 जीए 1949 में लोड कराकर वाहन चालक द्वारा विगत दिनों 10 जुलाई को ग्राम संकनपल्ली ले जाया जा रहा था। किन्तु संकनपल्ली से पूर्व मेटूपल्ली के पहाड़ी नाले को खाद्यान्न से भरी ट्रक पार नहीं कर पायी एवं बारिश के कारण पहाड़ी नाले का जल स्तर बढऩे से ट्रक खाद्यान्न सहित नाले में बह गयी। जलस्तर कम होने पर ट्रक में जांच के दौरान 180 बोरी चावल एवं 05 बोरी चना पाया गया जो पूर्ण रूप से भीगा हुआ है तथा प्रथम दृष्टया खाने योग्य नहीं है। जिला खाद्य अधिकारी बीजापुर द्वारा इस घटनाक्रम के जिम्मेदार परिवहनकर्ता मनीष सिंह को इस घटना के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, एवं जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को इस घटना से जो पीडीएस राशन सामग्री का नुकसान हुआ है। उक्त सामग्री की क्षतिपूर्ति हेतु परिवहनकर्ता मनीष सिंह के विरूद्ध नियमानुसार उचित कार्यवाही करने एवं उक्त दुकानों में माह जुलाई 2022 के खाद्यान्न सामग्री का समय-सीमा में भण्डारण कराने के निर्देश दिये गये हैं।

मूसलाधार बारिश से दक्षिण बस्तर में मचा हाहाकार : राज्य में मानसून पूरी तरह मेहरबान

रायपुर (आरएनएस)। बस्तर छत्तीसगढ़ में इस समय मानसून पूरी तरह से मेहरबान हो चुका है। प्रदेश के बस्तर संभाग में मानसून की झमाझम बारिश से अधिकांश नदी-नाले उफान पर आ गए हैं। बस्तर की जीवन दायिनी इंद्रावती के साथ ही इसकी सहायक नदियां इस समय काफी उफान पर चल रही हैं। इसके अलावा अब प्रदेश के कई जिलों में बारिश का आंकड़ा सामान्य पर पहुंच रहा है।

मौसम विभाग से जारी आंकड़ों के अनुसार बस्तर और बीजापुर जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते इंद्रावती नदी उफान पर है। नदी का जलस्तर भी 8.300 मीटर खतरे के निशान से ऊपर निकल चुका है। बीजापुर जिले में एनएच-63 पर आवाजाही ठप हो गई है। जिससे कारण कई गांवों का संपर्क टूट गया है। सुकमा में भी गोदावरी नदी भी उफान पर है और इसके बैकवॉटर के कारण शबरी नदी का जलस्तर भी बढ़ रहा है। जिससे कोंटा इलाके में भी बाढ़ का संकट बना हुआ है। वहीं, धमतरी में भी भारी बारिश के कारण रास्तो पर आवाजाही बंद होने से 50 गांव का संपर्क टूट गया है। जबकि एक आदमी के नाले में बह जाने की भी खबर है। प्रति सेकेंड 600 क्यूसेक पानी महानदी में रुद्री बैराज से छोड़ा जा रहा है।

शिवनाथ नदी एनीकेट के 8 फिट ऊपर बह रहा पानी: दुर्ग जिले के भिलाई-बालोद और राजनांदगांव में भी रुक-रुककर हो रही बारिश की वजह से

शिवनाथ नदी एनीकट से 8 फीट ऊपर बह रही है। मोगरा बैराज से 6 क्यूसेक पानी छोड़ा जा चुका है और ट्विनसिटी में मंगलवार की रात 16.6 मिमी बारिश रिकार्ड किया गया था। अगर इसी तरह बारिश हुई तो पुलगांव के पास पुराने पुल के ऊपर से पानी बहने लगेगा। दुर्ग भिलाई में अभी तक 296.6 मिमी बारिश हो चुकी है। हालाकि यह सामान्य से 5 फीसदी ही कम है। जिससे ट्विनसिटी में स्थिति लगभग सामान्य हो चुकी है।

बीजापुर में रिकॉर्ड 300 मिमी से अधिक बारिश : बीजापुर जून अंत में बारिश सामान्य से 30 फीसदी कम थी। लेकिन पिछले 24 घंटे में रिकार्ड 300.3 मिमी हुई तो वहीं बस्तर और उस के आसपास के इलाको में पिछले पांच दिन से हो रही धुआंधार बारिश से पिछले महीने की कमी पूरी हो गई है। बुधवार तक सामान्य से 4 प्रतिशत ज्यादा हो गई है। बस्तर संभाग के कई स्थानों पर अभी भी भारी बारिश का सिलसिला जारी है।

गोदावरी नदी का पानी घुसने लगा घरों में, अभी भी अनवरत बारिश जारी

छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर के बीजापुर जिले में पिछले सप्ताह भर से अनवरत बारिश जारी है, जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। अनवरत बारिश से नदी नाले पूरे सबाब पर है, जिससे नदी नालों के किनारे स्थित गांव धीरे धीरे डूबने की स्थिति में हैं। तेलंगाना राज्य की सीमा पर स्थित प्रदेश व जिले का अंतिम गांव तारलागुड़ा की स्थिति भी कुछ ऐसे ही होती जा रही है। तारलागुड़ा से होकर बहने वाली गोदावरी नदी का पानी अब गांव तक पहुंच गया है और लोगों के घरों में घुसने लगा है। अनवरत हो रही बारिश से बाढ़ बढऩे के आसार हैं, यदि ऐसा ही हाल रहा तो गांव के कई घर पानी की चपेट में आ सकते हैं, जिससे जान माल का नुकसान होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता। हालांकि जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी से बचाव और राहत कार्य मे जुटी हुई है और परिस्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए है ताकि हर स्थिति का सामना करते हुए लोगों को राहत पहुंचाई जा सके।

13 हजार किसानों ने बेचा 7 करोड़ से अधिक का गोबर

❐ **जिले में कुल 564 गौठानों के माध्यम से गोबर की खरीदी**

महासमुंद (आरएनएस) ।शासन की गोधन योजना जिले के किसानों के लिए आय का दूसरा जरिया बनती जा रही है। जिले में पिछले दो सालों में 13 हजार से अधिक किसानों ने 7 करोड़ रुपए से भी अधिक का गोबर बेचा है। शासन ने भी किसानों से खरीदे गोबर से वर्मी कम्पोस्ट बनाकर किसानों को विक्रय कर 7 करोड़ रुपए से भी अधिक का राजस्व अर्जित किया है और जैविक खेती की ओर किसानों को आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

कृषि विभाग के मुताबिक जिले में कुल 564 गौठानों के माध्यम से अब तक कुल 13 हजार 80 किसानों से कुल 3 लाख 64 हजार 965.11 क्विंटल गोबर खरीदी की गई है। जिसके एवज में बीते 30 जून की स्थिति में किसानों को कुल 7 करोड़ 18 लाख 98 हजार 720 रुपए का भुगतान किया गया है। विभाग ने बताया कि गोबर खरीदी के 15 दिन बाद किसानों के खाते में गोबर खरीदी की राशि ट्रांसफर कर दी जाती है। किसानों की मानें तो शासन द्वारा गोबर खरीदी शुरु किए जाने उन्हें काफी लाभ हुआ है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों में और शहरी क्षेत्र में नगरीय निकायों में गोबर खरीदी की जाती है। ज्ञात हो कि राज्य समेत जिले गोबर खरीदी की शुरुआत 20 जुलाई 2020 से शुरु हुई है जिसमें किसानों से 2 रुपए प्रतिकिलो की दूर से गोबर की खरीदी की जा रही है।

गोबर खाद से 7.44 करोड़ रुपए की हुई आय- जानकारी के मुताबिक जिले में किसानों से 2 रुपए प्रति किलो की दर से खरीदे गए गोबर से वर्मी कम्पोस्ट जैविक खाद तैयार कर इसे समितियों के माध्यम से किसानों को जैविक खाद के रुप में बेचा जा रहा है। जिले में अब तक 79 हजार 322.64 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट, 30 हजार 901.28 क्विंटल सुपर वर्मी कम्पोस्ट और 1421.96 क्विंटल सुपर कम्पोस्ट प्लस के नाम से जैविक खाद तैयार किया गया है। इसमें 73 हजार 237.51 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट खाद का विक्रय कर 7 करोड़ 44 लाख 52 हजार रुपए की आय अर्जित की है। इसके साथ ही सुपर कम्पोस्ट 30704 क्विंटल खाद से 1 करोड़ 80 लाख रुपए 19344 रुपए और सुपर कम्पोस्ट प्लस 73.20 क्विंटल खाद से 47580 रुपए की आय अर्जित की है।

564 में से 358 में नियमित खरीदी- जिले में गोबर खरीदी के लिए कुल 564 गौठानों का निर्माण किया गया है जहां गायों को रखने के साथ ही गोबर की खरीदी भी की जा रही है। इसमें 358 गौठान ऐसे हैं जहां नियमित रुप से गोबर की खरीदी की जा रही है। विभाग की मानें तो शेष में कभी किसान गोबर बेचने के लिए आते या फिर नहीं आते हैं।

जादू-टोना के संदेह में बड़े भाई की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

कोरबा। घर में सो रहे वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला हत्या का निकला। आरोपी कोई और नहीं मृतक का छोटा भाई था जिसने जादू-टोना के संदेह में टंगिया से मारकर उसकी हत्या की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार कोरबी चौकी अंतर्गत दुल्लापुर के सडक़पारा में निवासरत देव सिंह 60 का शव शनिवार को उसके ही घर में मिला था। मृतक के शरीर में चोट का निशान होने से हत्या की आशंका जताई जा रही थी। लेकिन परिजन से कोई खास जानकारी नहीं मिली। परिजन के अनुसार देव सिंह समेत वे रात में खाना खाकर सो गए थे। सुबह उठने पर देव सिंह मृत हालत में पड़ा था। पुलिस ने मामले को जांच.पड़ताल करते हुए सुलझा लिया। आरोपी देव सिंह का छोटा भाई 52 वर्षीय जय सिंह नेटी निकला। जिसे देव सिंह पर जादू-टोना करने का संदेह था। इसके लिए वह रात में देव सिंह के सोने के बाद पहुंचा और डंडे से उस पर कई हमले किए। देव सिंह के मरणासन्न हालत में चले जाने के बाद भी जय सिंह ने बाद में आकर टंगिया से हमला करते हुए उसकी हत्या कर दी थी। घटना के बाद वह परिवार के साथ अनजान बनकर अपने भाई के हत्यारों को पकडऩे की मांग पुलिस से कर रहा था। लेकिन उसकी गतिविधियों से पुलिस को उस पर संदेह हुआ। निगरानी करते हुए उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने वारदात करना स्वीकार कर लिया।

आजादी के अमृत महोत्सव में जनजातीय समाज को मिला सर्वोच्च सम्मान: पूव गृहमंत्री कंवर

कोरबा। राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू जनजातीय समाज की अस्मिता की आवाज है। उनके राष्ट्रपति उम्मीद्वार बनाए जाने से सर्व समाज गौरवान्वित महसूस कर रहा है। समाज के अंतिम व्यक्ति के सेवाभाव की प्रतीक द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति उम्मीदवार के तौर पर चुनावी समर में है। हम पीएम नरेंद्र मोदी के इस दूरगामी फैसले का जनजाति गौरव समाज की ओर से स्वागत करते है।

उक्त बाते प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री व रामपुर विधायक ननकीराम कंवर ने भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में 32 प्रतिशत जनजाति समुदाय की आबादी है। इसलिए भी हमारे लिए यह पल सदैव स्मरणीय होगा कि देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था के प्रमुख के रूप में वह समाज से प्रतिनिधि करने वाली पहली जनजाति महिला होंगी। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, वरिष्ठ पदाधिकारी श्यामलाल मरावी, जिला पंचायत सदस्य सक्ती विद्या सिदार, युवा भाजपा नेता अजय कंवर व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

दाधिकारियों ने कहा कि देश की आजादी के बाद यह पहली बार इस तरह का फैसला लिया गया है कि जनजाति समुदाय की प्रतिनिधित्व करने वाली द्रौपदी मुर्मू देश की राष्ट्रपति पद की प्रत्याशी बनाई गई है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों के सांसद, विधायकों को द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में मतदान कर मजबूत राष्ट्र के निर्माण में अपनी महत्ती भूमिका निभाना चाहिए।

शराब दुकान में सेंधमारी कर 22 हजार नगद व शराब की चोरी

कोरबा। देशी व विदेशी शराब दुकान में सेंध लगाकर अज्ञात चोर ने 22 हजार रुपये नगद समेत शराब की आठ बोतलें पार कर दी। सीसीटीवी में पूरी घटना रिकार्ड हो गई। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की पतासाजी में जुट गई है।

मामला कुसमुंडा थाना अंतर्गत इमलीछापर भट्टा चौक के संचालित देशी व विदेशी शराब दुकान में घटित हुई। बताया जा रहा है कि मैनेजर दुकान बंद कर घर चले गए थे। इस बीच मंगलवार की रात एक नकाबपोश चोर दुकान के पीछे दीवार में सेंध मार कर अंदर घुसा। इस दौरान दुकान में रखे 22 हजार नगद व महंगी शराब की बोतल पार कर दी। घटना की पूरी रिकार्डिंग सीसीटीवी में कैद हो गई, पर चोर नकाब पहने हुए थे, इसलिए उसका चेहरा नहीं दिखाई दे रहा है। बुधवार को सुबह जब दुकान खोलने के लिए मैनेजर पांडे दुकान पहुंचे, तब उन्हें चोरी की जानकारी हुई और उन्होंने मामले की रिपोर्ट कुसमुंडा थाने में आकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। घटना के दौरान दुकान का गार्ड भी ड्यूटी पर तैनात था बावजूद इसके चोरी हो गयी, यह जांच का विषय है। फिलहाल कुसमुंडा पुलिस मामले की जांच में कर रही है।

खदान से डीजल चोरी कर ले जाते गिरफ्तार:-खदान से डीजल चोरी कर झाडिय़ों के बीच से दो पहिया वाहन में भाग रहे एक व्यक्ति को कुसमुंडा पुलिंस ने पकड़ा। उसके पास से 35 लीटर के जरीकेन में डीजल मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम अनीष टोप्पो 43 वर्ष निवासी फोकटपारा सर्वमंगला रोड बताया। डीजल के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं देने पर डीजल जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया। कुसमुंडा पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कुसमुंडा खदान के बेरियर नंबर चार के पास घेराबंदी कर अनीष को पकड़ा गया। उसके पास से 35 लीटर डीजल व एक्टिवा क्रमांक सीजी 11 एएम 6645 जब्त किया गया। धारा 41 -1-4, 379 के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड में कटघोरा न्यायालय में भेज दिया गया। आरोपित अनीष टोप्पो आदतन चोर है जो कई बार चोरी के अन्य मामलों में जेल जा चुका है।

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राष्ट्रीय वाटरशेड सम्मेलन का किया शुभारंभ

कोरबा। ग्रामीण विकास और पंचायती राज मामलों के केन्द्रीय मंत्री एवं बिहार के बेगुसराय से सांसद गिरिराज सिंह ने आज यहां राष्ट्रीय वाटरशेड सम्मेलन का शुभारंभ किया। जिला पंचायत के सभागार में इसे आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों सहित प्रशासन के अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित रहे। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के प्लेनरी हॉल में सम्मेलन का मुख्य कार्यक्रम हो रहा है। जिला केन्द्रों में इसे जोडऩे के साथ प्रचारित किया जा रहा है। केन्द्रीय योजनाओं की प्रगति को जानने और समीक्षा करने के सिलसिले में केन्द्रीय

मंत्री गिरीराज सिंह चार दिन के दौरे पर 13 जुलाई को कोरबा पहुंचे। प्रवास के अगले दिन के कार्यक्रम के अंतर्गत उन्होंने यहां राष्ट्रीय वाटरशेड सम्मेलन का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि वाटरशेड की परिकल्पना और इसके पीछे के उद्देश्यों पर लगातार काम हो रहा है। जल संचय को बढ़ावा देने और इससे होने वाले फायदों से संबंधितों को अवगत कराना जारी है। ऐसे क्षेत्र जहां पर पानी की कमी वहां इसकी आवश्यकता स्वतरू बनी हुई है। कोशिश यह भी है कि सभी क्षेत्रों में जल स्तर को सामान्य करने के साथ क्षेत्र की समस्याएं कम की जाए। पंचायती राज और ग्रामीण विकास व केन्द्रीय योजनाओं को लेकर भी मंत्री गिरीराज सिंह ने यहां पर बात रखी। योजनाओं की क्रियान्वयन को लेकर जिले में जो कुछ चल रहा है उसकी प्रगति अधिकारियों से जानी गई। कुछ मामलों में काम की गति बढ़ाने और आवश्यक सुधार करने के लिए निर्देशित किया गया। इस सम्मेलन में शामिल होने से पहले केन्द्रीय मंत्री ने कोरबा के रामजानकी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की और आशिर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद वे जिला पंचायत पहुंचे जहां पर कलेक्टर संजीव झा, एसपी संतोष सिंह, जिला पंचायत सीईओ नूतन सिंह कंवर एवं अन्य अधिकारियों ने उनकी अगुवानी करते हुए स्वागत किया। केन्द्रीय मंत्री 16 जुलाई तक कोरबा जिले में उपस्थित रहेंगे। इस दौरान उनके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करने के साथ केन्द्रीय मद से चल रहे कार्यों का जायजा लिया जाएगा और ऊपर रिपोर्ट की जाएगी।

अमृत सरोवर योजना के कार्यो में धीमी गति पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

❐ **प्रत्येक विकासखण्ड में ब्लॉक प्लांटेशन के लिए दो-दो जगहों का चिन्हाकन, मॉडर्न फार्मिंग के लिए किया जाएगा विकसित**

❐ **जिले के सभी स्वामी आत्मानंद स्कूलों में किचन शेड, डायनिंग हॉल और सायकिल स्टैण्ड का होगा निर्माण**

❐ **कलेक्टर संजीव झा ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिये निर्देश**

कोरबा। कलेक्टर संजीव झा ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर झा ने बैठक में अमृत सरोवर योजना अंतर्गत जल संरक्षण के लिए जिले में तालाब निर्माण के कार्यो की जानकारी ली। उन्होने तालाब के लिए जगह चिन्हांकन और चिन्हांकित जगहो में चल रहे निर्माण कार्यो के प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर झा ने अमृत सरोवर योजना के तहत् प्रगतिरत कार्यो की धीमी गति पर

जनपद पंचायत के सीईओ और मनरेगा एपीओ पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होने अमृत सरोवर योजना के कार्यो को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर झा ने मॉडर्न फार्मिंग के जरिये महिला स्व सहायता समूहों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होने जिले के सभी विकासखण्डों में ब्लॉक प्लांटेशन के लिए दो-दो जगहो का चिन्हांकन करने का निर्देश दिये है। चिन्हांकित जमीन पर उद्यानिकी विभाग द्वारा महिला स्व सहायता समूहों के सदस्यों को शामिल कर उद्यानिकी की उन्नत खेती करने की प्लानिंग की जाएगी। कलेक्टर ने इस कार्य के लिए उत्कृष्ट और बडे भू-खण्डों का चिन्हांकन कर विस्तृत कार्य योजना बनाने के निर्देश सभी तहसीलदारों और सहायक संचालक उद्यानिकी को दिये। समय-सीमा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में एडीएम विजेन्द्र पाटले, जिला पंचायत के सी.ई.ओ. नूतन कंवर, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय सहित सभी विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

कलेक्टर झा ने समय सीमा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी से जिले के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों में विद्यार्थियों की भर्ती तथा रिक्त सीटो की जानकारी ली। उन्होने रिक्त सीटों पर भर्ती के लिए स्कूल प्रबंधन तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर विद्यार्थियों का एडमिशन करवाने के निर्देश दिये। कलेक्टर झा ने सडको पर आवारा मवेशियों के जमावडा को हटाने के भी आवश्यक निर्देश दिये है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU